Gautam Buddha University
(Established by UP Act (9) of 2002)

जी.बी.यू.-001/वी.सी./05/2015-2583 दिनाँकः27 अगस्त,2015

सेवा में,
कुलसचिव,
समस्त विश्वविद्यालय।

विषयः प्रोफेसर पद हेतु आवेदन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर की स्थापना उत्तर प्रदेश गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय अधिनियम,2002 द्वारा की गई है। यह विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा शहर के यमुना एक्सप्रेस वे के सामने स्थित है। विश्वविद्यालय 511 एकड़ भूमि में निर्मित है। यह विश्वविद्यालय पूर्णतः आवासीय विश्वविद्यालय है। अध्ययनरत छात्र-छात्राओं, कार्यरत शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को विश्वविद्यालय परिसर में ही आवास उपलब्ध कराये गये हैं। विश्वविद्यालय में क्रमशः 1. स्कूल आफ मैनेजमेंट, 2. स्कूल आफ आई.सी.टी., 3. स्कूल आफ इंजीनियरिंग, 4. स्कूल ऑफ बायोटैनोलोजी, 5. स्कूल आफ ह्युमैनिटीज एण्ड सोसल साइंसेज, 6. स्कूल आफ लॉ, जस्टिस एण्ड गवर्नेस, 7. स्कूल आफ बुद्धिष्ट स्टडीज एण्ड सिविलाईजेशन एवं 8. स्कूल आफ वोकेशनल स्टडीज एण्ड एप्लाईड साइंसेज की स्थापना की गई है। इन स्कूलों में पी.एच.डी. के छात्रों सहित लगभग 3700 छात्र-छात्राऐं अध्ययनरत हैं।

वर्तमान में कुल 06 स्कूलों में 10 प्रोफेसर पद (पी.बी.-4, 37400-67000, ए.जी.पी. 10,500/-) पर नियुक्ति हेतु समाचार पत्र हिन्दुस्तान में दिनाँक 04 अगस्त,2015 एवं टाईम्स आफ इंडिया में दिनाँक 05 अगस्त,2015 को विज्ञापन संख्या 2/2015 प्रकाशित किया गया है जिसके क्रम में आवेदन प्राप्त किये जाने की अन्तिम तिथि 31 अगस्त,2015 को बढ़ाकर 15 सितम्बर,2015 कर दिया गया है जिसका पूर्ण विवरण विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.gbu.ac.in पर उपलब्ध है।

उक्त समस्त के क्रम में अनुरोध है कि इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराकर उपयुक्त अभ्यर्थियों को सूचित करने का कष्ट करें।

प्रशा./प. आ. क्र. 2640
पि. बि. नं. 1719
दिनांक 31/08/15

कृपया वेबसाइट पर अपलोड करें।

21778
31.8.2015
जनसंपर्क अधिकारी

भवदीय,

27.8.

(अमर नाथ उपाध्याय)

Greater Noida, Distt. Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh -201312
Ph. : +91-120-2344200, Fax : +91-120-2344205 & 215, E-mail : info@gbu.ac.in, Website : www.gbu.ac.in

बेटी बचाओ। बेटी पढ़ाओ।
पढ़ी लिखी बेटी। रोशनी घर की।
शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें